उत्तर प्रदेश शासन

विधायी अनुभाग-1

संख्या-8/2021/ !/103578 /79-वि-1-2021

लखनऊः दिनांक 05 अक्टूबर, 2021

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

उत्तर प्रदेश सचिवालय में विभागों एवं अधिकारियों के उपयोगार्थ फोटो कापियर मशीनों के क्रय की व्यवस्था विषयक सचिवालय प्रशासन अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-31/बीस-8-वि-09-टी-26 (115)/2007, दिनांक 11 जनवरी, 2009 एवं सपठित शासनादेश संख्या- 4053/बीस-8-वि-07-टी-26 (115)/07, दिनांक 22 नवम्बर, 2007 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्रमुख सचिव, विधायी विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय-कक्ष में 25/ 26 एम0एस0पी0एम0, 02 पेपर ट्रे, 02 वर्ष ओईएम वारण्टी, लेजर प्रिन्टिंग व स्कैनिंग की विशिष्टियोंयुक्त रूपये 1,50,000/- **(रूपये एक लाख पचास हजार मात्र)** के व्यय की अधिकतम वित्तीय सीमा के अन्तर्गत मीडियम ड्यूटी की एक मल्टीफंक्शन फोटो कापियर मशीन को **जेम पोर्टल के माध्यम से** क्रय किये जाने हेतु विधायी अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन द्वारा क्रय-आदेश संख्या--1/81993/2021 दिनांक 23 जुलाई, 2021 निर्गत किया गया था। तदनुक्रम में जेम पोर्टल के माध्यम से विक्रेता फर्म मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0लि0, लखनऊ द्वारा उपर्युक्त विशिष्टियोंयुक्त एआर-6026 एनवी शार्प डिजिटल मल्टीफंक्शन फोटो कापियर मशीन (दो वर्ष की वारन्टी सहित) को सहवर्ती उपकरणों (एआर-आरपी 11एन आरएडीएफ, एमएक्स-237एटी टोनर एवं एमएक्स-312एवी डेवेलपर) सहित आपूर्ति कर प्रमुख सचिव, विधायी विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के कार्यालय-कक्ष में दिनांक 28 जुलाई, 2021 को इन्स्टाल किया जा चुका है। उक्त स्थापित फोटो कापियर मशीन एवं सहवर्ती उपकरण सम्प्रति सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं।

2- इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि विक्रेता फर्म मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0लि0, लखनऊ द्वारा तत्विषयक प्रेषित टैक्स इनवाइस संख्या-505, दिनांक 27 जुलाई, 2021 में सीजीएसटी एवं एसजीएसटी सहित अंकित कुल धनराशि **रूपये 1,24,290.77** की पूर्णांकित धनराशि **रूपये 1,24,291/- (रूपये एक लाख चौबीस हजार दो सौ इक्यानवे मात्र)** का भुगतान सम्बंधित विक्रेता फर्म मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0लि0, लखनऊ किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-2022 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-78 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-''2052-सचिवालय सामान्य सेवायें-आयोजनेत्तर-090-सचिवालय-09- सचिवालय के आधुनिकीकरण हेतु फैक्स, फोटोकापियर्स, फर्नीचर्स आदि

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

का क्रय, कक्षों की साज-सज्जा एवं अन्य कार्य-12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण '' के नामे डाला जायेगा।

4- उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0 लि0, लखनऊ को उनके आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक की लखनऊ स्थित शालीमार स्क्वायर हजरतगंज शाखा के खाता संख्या- 628105017590 आईएफएससी- आईसीआईसी-0006281 एमआई सीआर- 226229002 में किया जायेगा।

(अतुल श्रीवास्तव)
प्रमुख सचिव।

<u>पत्र संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1- महालेखाकार, एल0जे0 कम्पाईलेशन सेक्शन, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ (लेखा कोष्ठक के माध्यम से) ।

3- न्याय अनुभाग-8 (लेखा प्रकोष्ठ), उ0प्र0 शासन को मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0लि0, लखनऊ द्वारा प्रेषित सत्यापित **मूल** टैक्स इनवाइस संख्या-505, दिनांक 27 जुलाई, 2021 एवं भुगतान आदेश की एक अतिरिक्त प्रति सहित इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त धनराशि **रूपये 1,24,291/- (रूपये एक लाख चौबीस हजार दो सौ इक्यानवे मात्र)** का भुगतान मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0लि0, लखनऊ को उनके आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक की लखनऊ स्थित शालीमार स्क्वायर हजरतगंज शाखा के खाता संख्या- 628105017590 आईएफएससी- आईसीआईसी-0006281 एमआईसीआर- 226229002 में करने का कष्ट करें।

4- अनुभाग अधिकारी (लेखा), बजट अनुभाग, सचिवालय प्रशासन विभाग, उ0प्र0 शासन।

5- सचिवालय प्रशासन अनुभाग-13 (विविध), उ0प्र0 शासन।

6- न्याय अनुभाग-9 (बजट), उ0प्र0 शासन।

7- मे0 आर्गस बिजनेस मशीन्स प्रा0लि0, लखनऊ को उनके टैक्स इनवाइस संख्या-505, दिनांक 27 जुलाई, 2021 के सन्दर्भ में।

6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिलीप कुमार शुक्ल)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in